'संयोगाः सप्तपन्चाशत् कल्पना तु त्रिषष्टिधा। रसानां तत्र योग्यत्वात् कल्पिता रसचिन्तकैः। (च.सू. 26/24)

(1) रसों के संयोग भेद – 57 (2) रसों के कल्पना भेद – 63

अनुरस :– व्यक्तः शुष्कस्य चादौ च रसो द्रव्यस्य लक्ष्यते। विपर्ययेणानुरसो रसो नास्तीह सप्तमः। (च.सू. 26/24)

श्रस	**अनुरस** (रस विपर्यय)
जिह्वा द्वारा आस्वादन करने पर जो रस आदि में स्पष्ट ज्ञात होता है वह 'रस' कहलाता हैं।	जो रस दूसरे रस से अभिभूत होने के कारण स्पष्ट ज्ञात नहीं होता हे। उसे 'अनुरस' कहते हैं।

'' परादि गुण – सिद्धयुपायाश्चिकित्साया ''

परादिगुण :– 'परापरत्वे युक्तिश्च संख्या संयोग एव च।विभागश्च पृथक्त्वं च परिमाणमथापि च। (च.सू. – 28/29) संस्कारोऽभ्यास इत्येते गुणा ज्ञेयाः परादय।। (कणाद – 7 – युक्ति, संसकार, अभ्यास नहीं माने है।)

10 परादिगुण :–

1. परत्व :– देश, काल, आयु, मान, विपाक, रस, वीर्यादि में जो श्रेष्ठ या प्रधान हो।

2. अपरत्व :– देश, काल, वय, मान, विपाक, रस, वीर्यादि में जो निकृष्ट या अप्रधान हो

3. युक्ति – 'युक्तिश्च योजना या तु युज्यते। (च. सू. 26/31)
दोष, देश, प्रकृति, काल को देखकर औषध आदि की सम्यक् योजना को युक्ति कहते हैं।

4. संख्या :– 'संख्या स्याद् गणितम्'। एक, दो, तीन, चार, आठ, दस आदि संख्या की गणना को गणित कहते हैं।

5. संयोग :– 'योगः सह संयोग उच्यते। द्रव्याणां द्वन्द्वसर्वेककर्मजोऽनित्य एव च।' (च. सू. 26/32)
द्रव्यों के एक साथ मिलने को संयोग कहते हैं। – भेद – (1) द्वन्द्वकर्मज (2) सर्वकर्मज (3) एककर्मज

6. विभाग – 'विभागस्तु विभक्तिः स्याद् वियोगो भागशो ग्रहः।' (च. सू. 26/33)
संयुक्त वस्तु का अलग होना ही विभाग कहलाता है। भेद – (1) विभक्ति (2) वियोग (3) भाग शोग्रह।

7. पृथकृत्व – 'पृथक्त्वं स्यादसंयोगो वैलक्षण्यमनेकता'। (च. सू. 26/33)
एक द्रव्य को अन्य से भिन्न करने वाला गुण पृथकृत्व कहलाता है। भेद – (1) असंयोग (2) वैलक्षण्य (3) अनेकता।

8. परिमाण – 'परिमाणं पुनर्मानं'। – जिससे किसी वस्तु की मात्रा जानी जाती है उसे 'परिमाण' या 'मान' कहते हैं।

9. संस्कार – 'संस्कारः करणं मतम्।' क्रिया द्वारा किसी वस्तु में गुणाधान करने को 'संस्कार' या 'करण' कहते है।

10. अभ्यास – 'भावाभ्ययसनम् अभ्यासः शीलनै सततक्रिया।' – किसी वस्तु या कार्य का निरन्तर प्रयोग करना अभ्यास कहलाता है। शीलन और सतत क्रिया – ये दोनों अभ्यास के पर्याय है।

षड्रस प्रकरण :— अंतरिक्ष जल – सौम्य, स्वभाव से शीतल, लघु और अव्यक्त रस वाला होता है।

चरक	वर्णन	नागार्जुन	वाग्भट्ट
सोमगुण प्रधान	सोमगुणातिरेकन्मधुरो रसः	पृथ्वी + जल	पृथ्वी + जल →
पृथ्वी + अग्नि	पृथिव्यग्निभूयिष्ठत्वादम्लः	**जल + अग्नि**	↓ पृथ्वी + **अग्नि**
जल + अग्नि	सलिलाग्निभूयिष्ठत्वाल्लवणः	**पृथ्वी + अग्नि**	जल + **अग्नि**
वायु + अग्नि	वाय्वग्निभूयिष्ठात्कटुकः	वायु + अग्नि	**वायु** + **अग्नि**
वायु + आकाश	वाय्वाकाशातिरिक्तत्वात्तिक्त	वायु + आकाश	**वायु** + आकाश
वायु + पृथ्वी	**पवनपृथ्वीव्यतिरेकात् कषाय**	वायु + पृथ्वी	**वायु** + पृथ्वी

मधुर रस	अम्ल रस	लवण रस
सप्तधातु, ओजवर्धक, **आयुष्यः**	**देहं बृंहयति,** ऊर्जयति, प्रीणयति	**च्यावन,** छेदन, भेदन, तीक्ष्ण सर
षडिन्द्रिय प्रसादन	इन्द्रियाणि दृढ़ीकरोति	**सर्वरसप्रत्यनीक भूतः**
प्रीणन, जीवन, तर्पण	**हृदयं तर्पयति**	स्तम्भबन्धसंगातविधमनः
ब्लवर्णकर, शरीरसात्म्य	**मनो बोधयति**	स्रंस्यवकाशकरो
पित्तविषमारूतघ्न	वातमनुलोमयति	**वातहरः,** कफं विष्यन्दयति
तृष्णादाह प्रशमन	**भक्तं रोचयति**	**रोचयत्याहारम्**
त्वच्य, केश्य, कण्ठय, बल्य	**अग्नि दीपयति**	**दीपन, पाचन**
वृंहण, स्थैर्यकर	**बलं वर्धयति**	**मार्गान् विशोधयति**
क्षीतक्षतससन्धान करो	**भुक्तम अपकर्षयति**	**आहार योगी**
दाहमूर्च्छाप्रशमन	क्लेदयति	क्लेदनो
षट्पदपिपीलिकाना मिष्टतमः	जरयति	सर्वशरीरवयवान् मृदुकरोति
घ्राणमुखकण्ठौष्ठजिह्वा प्रह्यदनो	आस्यमास्रावयति	आस्यमास्रावयति
अतिसेवन जन्य लक्षण	**अतिसेवन जन्य लक्षण**	**अतिसेवन जन्य लक्षण**
श्वास, कास, प्रतिश्याय	**दन्तान् हर्षयति,** तर्षयति	मूर्च्छयति, तापयति, दारयति
ग्लगण्ड, गण्डमाला, गलशोफ	सम्मीलयत्यक्षिणी, **रक्त दूषयति**	**रक्तं वर्धयति, विषं वर्धयति,** पुंस्त्वमुपहन्ति
दौर्बल्य अग्नि, अतिस्वप्न	मांसविदहति, कायंशिथिलीकरोति	**शोफान् स्फोटटयति, इन्द्रियाण्युपरूणद्धि**
कटु रस	**तिक्त रस**	**कषाय रस**
वक्त्रं शोधयति, अग्नि दीपयति	स्वयमरोचिष्णुरप्यरोचकघ्नो	**संशमन**
रोचयत्यशनं	मूर्च्छादाह, कण्डूकुष्ठ तृष्णाप्रशमन	**संधानकर**
भुक्तं शोषयति	त्वंगमांसयो स्थिरीकरणो	**संग्राही, स्तंभन**
शोणितसंघात भिनत्ति	**दीपन पाचन**	**पीडन**
स्फुटीकरोतीन्द्रियाणि	**विषघ्न**	**रोपण**
चक्षुविरेचयति	**कृमिघ्न**	**शोषण**
स्नेहस्वेदक्लेदमलानुपहन्ति	**ज्वरघ्न, स्तन्यशोधन**	श्लेष्म रक्तपित्त प्रशमन
कण्डू र्विनाशयति	**लेखन**	शरीरक्लेदस्योपयोक्ता
व्रणानवसादयति	क्लेदमेदोवसामज्जालसिका	**पक्षवधग्रहपतानकार्दिन प्रभृततीश्च**
क्रिमीन् हिनस्ति	पूयस्वेद मूत्र..... उपशोषण	
अतिसेवन जन्य लक्षण	**अतिसेवन जन्य लक्षण**	**अतिसेवन जन्य लक्षण**
पुंस्त्वमुपहन्ति, ग्लायपति	सोत्रसां खरत्वमुपपादयति	**आस्यं शोषयति,** विष्टम्भं जरां गच्छति।
मूर्च्छयति, नमयति, भ्रमयति	कर्षयति, **मोहयति, भ्रमयति**	कर्शयति, ग्लपयति, तर्षयति, **हृदयंपीडयति**
तृष्णा जनयति	ग्लपयति, वदनमुपशोषयति	स्रोतांस्यवबध्नाति, पुंस्त्वमुपहन्ति।

रस	गुण	वर्णन
1. मधुर	**गुरू, शीत, स्निग्ध**	स्निग्ध शीतो गुरूश्च
2. अम्ल	**लघु, उष्ण, स्निग्ध**	लघुरूष्णः स्निग्धश्च
3. लवण	**गुरू, उष्ण, स्निग्ध**	**नात्यर्थ गुरूः स्निग्ध उष्णश्च**
4. कटु	**लघु, उष्ण, रूक्ष**	लघुरूष्णो रूक्षश्च
5. तिक्त	**लघु, शीत, रूक्ष**	रूक्षः शीतो लघुश्च
6. कषाय	**गुरू, शीत, रूक्ष**	**रूक्षः शीतोऽलघुश्च**

नियम – 1. रस, विपाक → मधुर → शीतवीर्य। 2. रस, विपाक → अम्ल/कटु → उष्ण वीर्य।

अपवाद – (1) जलीय तथा आनूप मांस – मधुर रस – किन्तु उष्ण वीर्य।
(2) सैंधव लवण – लवण रस – किन्तु शीत वीर्य।
(2) अर्क, अगरू, गुडूची – तिक्त रस – किन्तु उष्ण वीर्य।

गुण	प्रधान	मध्य	अवर	
1. स्निग्ध	मधुर	अम्ल	लवण	(123 - Solid)
2. रूक्ष	कषाय	कटु	तिक्त	(6/45 Run)
3. गुरू	मधुर	कषाय	लवण	(163/0 Good)
4. लघु	तिक्त	कटु	लवण	(5/43 Low)
5. शीत	मधुर	कषाय	तिक्त	(Total 165)
6. उष्ण	लवण	अम्ल	कटु	(Total 324)

रस	गुण	गुण कर्म
1. मधुर, अम्ल, लवण रस	**स्निग्ध**	वात, मूत्र, पुरीष विसर्जक।
2. कटु, तिक्त, कषाय रस	**रूक्ष**	वात, मूत्र, पुरीष, बद्ध।

विपाक

रस	विपाक	गुण कर्म	दोष प्रभाव
कटु, तिक्त, कषाय	**1. कटु विपाक**	बद्धविण्मूत्रल, शुक्रहा,	वातलः
अम्ल रस	**2. अम्ल विपाक**	सृष्टविण्मूत्रल, शुक्रलः	कफ वर्धक
मधुर, लवण रस	**3. मधुर विपाक**	सृष्टविण्मूत्रल, शुक्रनाशनः	पित्तकृत

वीर्य

"वीर्य तु क्रियते येन या क्रिया" (च. सू. 26/64) – द्रव्य की क्रिया जिसके द्वारा निष्पन्न की जाती है उसे वीर्य कहते हैं।

(1) द्विविध वीर्य :– (1) शीत वीर्य (2) उष्ण वीर्य (चरक, सुश्रुत)

(2) अष्ट विध :– गुरू, लघु, स्निग्ध, रूक्ष, मृदु, तीक्ष्ण, शीत, उष्ण। (चरक)
विशद, पिच्छिल, स्निग्ध, रूक्ष, मदु, तीक्ष्ण, शीत, उष्ण। (सुश्रत)

रसो निपाते द्रव्याणां, विपाकः कर्मनिष्ठया। वीर्यः यावत् अधिवासासन्निपाताच्चोपलभ्यते। (च. सू. 26/66)

रस, विपाक और वीर्य का ज्ञान – 1. द्रव्यों का रस जिह्वा पर (निपात) स्पर्श होते ही ज्ञान हो जाता है।
2. कर्म का समाप्ति से विपाक का ज्ञान होता हैं।
3. किन्तु वीर्य का ज्ञान निपात और अधिवास से होता है।

उदा. (1) निपात – शरीर के साथ संयोग होने के साथ। – मरिच के उष्ण वीर्य का ज्ञान।
(2) अधिवास – जब तक शरीर में वह द्रव्य रहे। – मरिच की तीक्ष्णता एंव दीपनीयता का ज्ञान।

''प्रभाव''

प्रभाव :–'रसवीर्य विपाकानां सामान्यं यत्र लक्ष्यते। विशेषः कर्मणां चैव प्रभावस्तस्य स स्मृतः।। (च.सू. 26/87)
रस, वीर्य और विपाक समान रहने पर भी जहां कर्म में विशेषता होती है उसका कारण एक विशिष्ट शक्ति मानी जाती है। इस विशिष्ट शक्ति को 'प्रभाव' कहते हैं।
उदा. :– (1) चित्रक और दन्ती – दोनों 432 है किन्तु दन्ती रेचक है चित्रक नहीं।
इसका कारण दन्ती में विशिष्ट शक्ति है जो चित्रक में नहीं है। इसका नाम प्रभाव है।

द्रव्यों की क्रियाशीलता –कोई द्रव्य रस से, तो कोई वीर्य, कोई विपाक तो कोई प्रभाव से अपना कार्य दिखलाता हैं।
रसादि का नैसर्गिक बल :– रस → विपाक → वीर्य → प्रभाव (उत्तरोत्तर बलवान)।

रसों का अभिज्ञान :–

(1) मधुर रस :– स्नेहन, प्रीणन, आह्लाद, मार्दवैः उपलभ्यते। मुखस्थो मधुरश्चास्यं व्याप्नुवैल्लिम्पतीव। **(च.सू. 26/74)**
(2) अम्ल रस :– **दन्तहर्षात्** मुखस्रावात स्वेदनात्, मुखबोधनात। **विदाहाचास्य कण्ठस्य,** अम्लं रस वदेत। **(च.सू. 26/75)**
(3) लवण रस :–प्रलीयन, क्लेद, विष्यन्दन, मादर्व कुरूते मुखे। यः शीघ्रं लवणो ज्ञेयः **स विदाहान्मुखस्य च।**
(4) कटु रस :– सवेजयेद्यो रसानां निपाते तदुतीव च। **विदहन्मुखनासाक्षिसंस्रावी** सः कटु स्मृतः। **(च.सू. 26/77)**
(5) तिक्तरस :– प्रतिहन्ति निपाते यो रसनं स्वदते न च। स तिक्तो **मुखवैशद्यशोषप्रह्लादकारकः। (च.सू. 26/76)**
(6) कषायरस :– वैशद्यस्तम्भजाडयैर्यो रसनं योजयेद्रसः। वघ्नातीत च यः कण्ठं कषायः स विकास्यपि। **(च.सू. 26/78)**

वैरोधिक आहार के घटक – 18

1. देश विरूद्ध	जांगल देश में रूक्ष, तीक्ष्ण एवं आनूप देश में स्निग्ध, शीत औषध प्रयोग
2. काल विरूद्ध	शीतकाल में शीत एवं रूक्ष वस्तु का सेवन।
3. अग्नि विरूद्ध	मंदाग्नि वाले व्यक्ति को गरिष्ठ आहार देना
4. मात्रा विरूद्ध	**मधु और सर्पि समान मात्रा में लेना।**
5. साक्य विरूद्ध	कटुरस सात्म्य व्यक्ति को मधुर रस खिलाना।
6. दोष विरूद्ध	वात–पित्त–कफ के समान गुणी आहार, औषध एवं कर्म सेवन करना।
7. वीर्य विरूद्ध	**शीत वीर्य दूध एवं उष्णवीर्य मछली का साथ सेवन**
8. कोष्ठ विरूद्ध	क्रूर कोष्ठ व्यक्ति को अल्यल्प एवं लघु आहार देना।
9. संस्कार विरूद्ध	**एरण्ड की लकड़ी की सींक पर भुना हुआ मोर का मांस।**
10. परिहार विरूद्ध	**वाराह आदि का मांस सेवन कर फिर उष्ण वस्तुओं का सेवन करना।**
11. अवस्था विरूद्ध	प्रमेही, निद्रालु एवं आलसी व्यक्ति को कफप्रकोपक आहार देना।
12. क्रम विरूद्ध	बिना मल–मूत्र त्याग या बिना भूख के भोजन करना।
13. उपचार विरूद्ध	**घृत आदि स्नेहों को पीकर शीतल आहार–औषध या जल पीना।**
14. पाक विरूद्ध	अर्धपक्व या अपक्व भात आदि का सेवन।
15. संयोग विरूद्ध	गुड के साथ मकोय खाना या **अम्ल पदार्थों के साथ दूध खाना।**
16. हृदय विरूद्ध	ऐसा आहार जो मन को प्रिया या पसंद न हो।
17. सम्पद् विरूद्ध	कच्चा या सडा हुआ फल या आहार का सेवन।
18. विधि विरूद्ध	आहार विधि विशेषायतन के नियमों के विरूद्ध भोजन करना।

मत्स्य और दूध एक साथ नहीं खाने चाहिए क्योकि दोनों क्रमशः उष्ण और शीत वीर्य होने से **विरूद्ध वीर्य** है। – आत्रेय
सभी मछलियों को दूध के साथ खाना चाहिए किन्तु चिलिचिम मछली को छोडकर – भद्रकाप्य
कपोत मांस को मधु और दूध के साथ नहीं खाना चाहिए
मूली, लहसुन, आम, सहिजन, अर्जक–सुमुख–सुरसा (तुलसी के भेद) आदि खाकर दूध का सेवन नहीं करना चाहिए ।
मूली, आम, जामुन, खरगोश, गोधा और सूकर मांस खाकर दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। – सुश्रुत।

27. अन्नपानविधि अध्याय

हितकर द्रव्य – कर्म	हितकर द्रव्य – कर्म
1. उदकं क्लेदयतिं।	11. द्राक्षासव दीपयति।
2. लवणं विष्यन्दयति।	**12. फाणित माचिनोति।**
3. क्षारः पाचयति।	13. **दधि शोफं जनयति।**
4. **मधु सन्दधीति।**	14. पिण्याकशांक ग्लपयति।
5. सर्पिः स्नेहयति।	15. माषसूपः प्रभूतान्तर्मलों।
6. क्षीर जीवयति।	16. क्षारः दृष्टिशुक्रघ्नः।
7. मांस बृंहयति।	17. अम्लम् प्रायःपित्तलम् (दाडिम, ऑवला को छोडकर)
8. रसः प्राणयति।	18. मधुर प्रायः श्लेष्मलं (मधु, गोधूम को छोडकर)
9. **सुरा जर्जरीकरोति।**	**19. प्रायतिक्तं वातलं वृष्यं (वेताग्र,पटोल को छोडकर)**
10. **सीधु वधमति**	**20. प्रायःकटुकंवातलं अवृष्यं (पिप्पली,शुण्ठी को छोडकर)**

1. चरकानुसार आहार द्रव्यों के 12 वर्ग :–

(1) शूकधान्य (2) शमीधान्य (3) मांसवर्ग (4) शाकवर्ग (5) फलवर्ग (6) हरितवर्ग
(7) मद्यवर्ग (8) जलवर्ग (9) गोरसवर्ग (10) इक्षुवर्ग (11) कृतान्त वर्ग (12) आहारयोगी वर्ग

2. सुश्रुतानुसार :– 2 महा वर्ग :–

(1) द्रव वर्ग – 10 वर्ग (2) अन्न वर्ग – 13 वर्ग

1. द्रव वर्ग – 10 – जल, क्षीर, दधि, तक्र, घृत, तैल, मधु, इक्षु, मद्य और मूत्र वर्ग।
2. अन्न वर्ग–12– शालि, कुधान्य, मुदग्ादि(**वैदल**), मांस, फल, शाक, पुष्प, कन्द, लवण, कृतान्न, भक्ष्य, सर्वानुपान वर्ग

3. अष्टांगसंग्रह के अनुसार – आहार द्रव्यों के 12 वर्ग।

1. द्रवद्रव्यवर्ग (6) – 1. जलवर्ग 2. क्षीरवर्ग 3. इक्षुवर्ग 4. तैलवर्ग 5. मद्यवर्ग 6. मूत्रवर्ग
2. अन्नद्रव्य वर्ग (6)– 1. शुकधान्य 2. शिम्बिधान्य 3. कृतान्नवर्ग 4. मांसवर्ग 5. शाकवर्ग 6. फलवर्ग।

4. अष्टांगहृदय के अनुसार – आहार द्रव्यों के 12 वर्ग।

1. द्रवद्रव्यवर्ग (5) – 1. तोयवर्ग 2. क्षीरवर्ग 3. इक्षुवर्ग 4. तैलवर्ग 5. मद्यवर्ग
2. अन्नद्रव्य वर्ग (6)– 1. शुकधान्य 2. शिम्बिधान्य 3. कृतान्न 4. मांसवर्ग 5. शाकवर्ग 6. फलवर्ग 7. औषधवर्ग

–: **कुछ महत्वपूर्ण बिन्दू :–**

(1) चरक ने गोरस वर्ग ही में दुग्ध, दधि, तक्र, घृत आदि का समाविष्ट लिया है।
किन्तु सुश्रुत ने क्षीर, दधि, तक्र, घृतवर्ग इनका 4 वर्गों में पृथक–पृथक वर्णन किया है।
(2) सुश्रुत ने वैदल वर्ग, कुधान्य, पुष्प, कन्द लवण और सर्वानुपान वर्गो का सर्वप्रथम वर्णन किया हैं,
(3) सर्वप्रथम सुश्रुत संहिता में लवण वर्ग में धातु एवं रत्नों का चिकित्सीय प्रयोग का वर्णन आया गया है।
(4) अष्टांग हृदय में द्रव वर्गो में 'मूत्रवर्ग' का उल्लेख नहीं है किन्तु अष्टांग संग्रह में 'मूत्रवर्ग' वर्णन है।
(5) 'औषधवर्ग' मूलतः अष्टांगहृदय की देन है।
औषधवर्ग में लवण, क्षार, त्रिफला, पंचकोल एवं पंचमूल की औषधियों का वर्णन किया है।
(6) चरक एवं वाग्भट्ट दानों ने मधुवर्ग का समावेश इक्षुवर्ग में किया है।
जबकि सुश्रुत ने 'मधुवर्ग' का स्वतंत्र उल्लेख किया है।
(7) मुदग्, कलाय, मसूर, हरेणु आदि चरकोक्त 'शमी धान्य' वर्ग के द्रव्यों को सुश्रुत ने वैदल (द्विदली) कहा है।

(1) शूक धान्य वर्ग

(1) शालि धान्य :–

1) रक्तशालि	(6) दीर्घशूक	(11) लोहवाल
(2) महाशालि	(7) गौरधान्य	(12) सारिवा
(3) कलम	(8) पाण्डुक	(13) प्रमोदक
(4) शकुनाह्वत	(9) लांगुल	(14) पंतग
(5) तूर्णक	(10) सुगन्धक	(15) तपनीय

– ये **पंद्रह प्रकार के धान्य** होते है। इन सभी धान्यों में **कलम → महाशालि → रक्तशालि** चावल गुणों में श्रेष्ठ है।
गुण :– ये सभी मधुर रस, विपाक व शीतवीर्य वाले, **अल्प वातल,** बद्धाल्पवर्चसः, स्निग्ध, बृंहण और शुक्रमूत्रल होते है।
– यवक, हायन, पांसु, वाप्य और नैषधक धान्य रक्तशालि आदि धान्य के विपरीत गुण वाले होते है।

(2) षष्टिक धान्य – मधुर रस, विपाक व शीतवीर्य वाले, लघु, स्निग्ध और **त्रिदोषघ्न** है, शरीर में स्थिरता पैदा करते है।
षष्टिक धान्य के भेद –2 – (1) गौर (2) कृष्ण।
वरक, उद्दालक, चीन, शारद, ज्जवल, दर्दुर, गन्धन, कुरूविन्द –ये सभी षष्टिक धान्य गुणों से अल्पगुण वाले होते है।

(3) कुधान्य – कोरदूष, **श्यामाक**, हस्तिश्यामाक, अम्भश्यामाक, निवार, तोयपर्णी, **गवेधूक**, प्रशातिका, लोहिताणु, **प्रियंगु,** मुकुन्द, झिण्टी, वरूक, वरक, शिबिर, उत्कट, जूर्णह्व – सभी कषायमधुर, शीतवार्य, लघु, **वातल** एवं कफपित्तघ्न होते है।

(4) यव :– सकषाय स्वादु रस, रूक्ष शीतोऽगुरू, **बहुवातशकृत कारक,** श्लेष्मविकारनुत् और बल्य, शरीर स्थैर्यकृत होता है।

(5) गोधूम :– सन्धानकर, मधुर रस, मधुर विपाक, शीतवीर्य, गुरू, **वातहर,** जीवनीय, बृंहण, वृष्य, स्निग्ध, स्थैर्यकर, गुरू है।

(2) शमीधान्य वर्ग

1. **मूंग :–** कषायमधुर रस, कटु विपाक एवं शीत वीर्य, लघु, रूक्ष, विशद गुण वाला (631 LRV) कफपित्तघ्न होता है। सभी शमी धान्यों में मुदग् उत्तम होता है।

2. **माष :–** मधुर रस, विपाक व **उष्णवीर्य,** गुरू, स्निग्ध (112 GS) बल्य **वृष्य, परं वातहर, बहुमल, और पुंस्त्व उत्पादक** है।

3. **राजमाष :–** राजमाष गुण में सर (विरेचक), रूच्य, **कफशुक्रम्लपित्तनुत्** (अम्लपित्तनाशक) **और वातल** है।

4. कुलत्थ :– कषाय रस, अम्ल विपाक व उष्ण वीर्य, **कफशुक्रानिलापहाः।** कुलत्थां ग्राहिणः **कासहिक्काश्वासार्शसां हिताः।** (622), कफ, शुक्र, **वातनाशक,** संग्राहक और कास, हिक्का, श्वास, अर्शनाशक है।

5. मोठ :– मधुर रस, विपाक एवं शीत वीर्य, रूक्ष गुण वाली (111 R) ग्राही एवं **रक्तपित्त व ज्वर में प्रशस्त** है। मसूर की दाल संग्राही और कलाय (मटर) की दाल वातल होती है।

7. तिल :– मधुर, कटुक, तिक्त, कषाय रस, उष्णवीर्य, स्निग्ध है। **त्वच्यः केश्यश्च बल्यश्च वातघ्नः कफपित्तकृत।**

8. शिम्बी :– शिम्बी रूक्षा कषाया च **कोष्ठे वातप्रकोपिनी।**

9. अरहर :– **आढकी कफपित्तघ्नी वातला –** कफपित्तनाशक और वातल है।

7. काकाण्डोल (शूकशिम्बी) और आत्मगुप्ता (केवांच) – के गुणधर्म माष के समान है।

(3) मांसवर्ग – 8 योनि

1. प्रसह :– जो पशु, पक्षी दूसरों से आहार द्रव्य बलपूर्वक छीनकर खा जाते हैं। उन्हे '**प्रसह**' कहा जाता है।
उदा. – गो (गाय), गधा, घोड़ा, खच्चर, ऊँट, चीता, सिंह, भालू, वानर, मार्जार, मूषक, **श्येन, उलूक**, वायस।

2. भूशय :– जो बिलों में निवास करते हैं वह 'भूशय' कहलाते हैं।
उदा. – काकुली मृग, कूर्चिका (अंधा सर्प), कदली (वनविलाब), चिल्लट, **भेंक (मेढक), गोधा व नकुल।**

3. आनूप :– जल के समीपवर्ती प्रदेश या आनूप देश में रहते है। उन्हे 'आनूप' कहते है।
उदा. – सृमर, चमरः, खड्गो, माहिष (भैंस), **गवय (नीलगाय),** गज (हाथी), **वराह और रूरू (बारहसिंगा)।**

4. वारिशय :–जो जल में निवास करते है उन्हें 'जलज या वारिशय' कहते हैं।
उदा. – **कूर्म, कर्कटक**, मगर, चुलुकी, मत्स्य, शिशुमार, उद्र (वन विलाब), **शुक्ति, शंखक।**

5. वारिचर :– जो जल में चलने फिरने वाले होते हैं। उन्हें 'जलचर या वारिचर' कहते हैं।
उदा. – **हंस, कौन्च,** कारण्डव, प्लव, केशरी, उत्क्रोश, रक्तशीर्षक, नन्दीमुख, मदगु, **रोहिणी,** चक्रवाक।

6. **जांगल** :– जो स्थल (भूमि) पर उत्पन्न होते है और जंगलों में विचरण करते हैं उन्हें '**जांगल**' कहते हैं।
उदा – **पृषत, शरभ, शश, हरिण, एण, शम्बर,** मृगमातका, उरण, **राम, श्वदंष्ट्र, कुरंग, गोकर्ण, ऋष्य,** वरपोत।

7. विष्किर :– जो पक्षी अपनी चोंच या पैरों से कुरेद कर आहार को खोजकर खाते है। उन्हें '**विष्किर**' कहा जाता हैं।
उदा – **लाव, तित्तिर, बटेर, चकोर,** कपिञ्जल, कुकुम्भ, **कुकुक्ट (मुर्गा),** कंक, **बर्ही (मोर)**, वर्तक, वर्तिका।

8. प्रदुत :– जो जो पक्षी अपनी अपनी चोंच या पैर से प्रहार कर आहार को खाते हो। उन्हें '**प्रदुत**' कहा जाता हैं।
उदा – शतपत्र, **भृंगराज, बभ्रु, जीवजीवक,** जटी, दुन्दुभि, सारिका, कुलिंगक, चटक, **कपोत, पारावत।**

- **प्रसह, भूशय, आनूप, वारिज, वारिचर जीवों का मांस :– गुरू, उष्ण वीर्य**, स्निग्ध और **रस में मधुर** होता है। बल्य, वृष्य, वातहर तथा कफपित्तवर्धक होता है। – जीर्णार्शोग्रहणीदोषशोषार्तानां प्रयोजयेत्।
- **जांगल, विष्किर, प्रतुद मांस :– लघु, शीत वीर्य,** सकषाय मधुर रस होता है। मांस पित्तप्रधान, मध्यवात और हीन कफ वाले रोग में हितकर होता है। – पित्तोत्तरे वातमध्ये सन्निपाते कफानुगे।
  - ➢ (जांगल विहार प्रतिषेध लागू है = **जांगल, विष्किर, प्रतुद मांस – लघु है**)

अजमांस (बकरे का मांस)– नातिशीतगुरूस्निग्धं मांसमाजमदोषलम्। शरीरधातुसामान्यादनभिष्यन्दि बृंहणम्। (च.सू. 27/61)

चरणायुधा (मुर्गे का मांस) – स्निग्धाश्चोष्णाश्च वृष्याश्च बृंहणाः स्वरबोधनाः। बल्याः परं वातहराः स्वेदनाश्चरणायुधाः।

एण मांस (काला हिरण) – मधुरा मधुराः पाके त्रिदोष शमनाः शिवाः। लघवो बद्धविण्मू.ाः शीतःश्चैणाः प्रकीर्तिताः।

मत्स्य मांस (मछली का मांस) – गुरूष्णा मधुरा बल्या बृंहणाः पवनापहाः। **मत्स्याः** स्निग्धाश्च वृष्याश्च बहुदोषः प्रकीर्तिताः।

कूर्म मांस (कछुए का मांस) – **मेधास्मृतिकरः पथ्यः शोषघ्नः कूर्म उच्यते।** (च.सू. 27/84)

- **शरीरबंहणे नान्यत् खाद्यं मांसाद्विशिष्यते।** – (च. सू. 27/87)
  शरीर को बढाने वाला हेतु मांस को छोडकर अन्य दूसरा कोई खाद्य पदार्थ नहीं है।

(4) शाकवर्ग

पाठा, शुषा, शटी, वास्तुक एवं सुनिषण्णक शाक – 'ग्राहि त्रिदोषघ्नं भिन्नवर्चस्तु वास्तुकम्।

काकमाची (मकोय) शाक – **त्रिदोषशमनी वृष्या काकमाची रसायनी।, नात्युष्णशीतवीर्या,** भेदिनी, कुष्ठनाशिनी।

राजक्षवक – राजक्षवकशाकं तु त्रिदोषशमनं लघु। **ग्राहि शस्तं ग्रहण्यर्शोविकारिणाम्।** ग्रहणी व अर्श में विशेष हितकारी।

उपोदिका (पोई) शाक – 111 S, कफवर्धक, **वृष्या, स्निग्धा च शीता च मदघ्नी चाप्युपोदिका।**

तण्डुलीयक शाक – रूक्षो **मदविषघ्नश्च** प्रशस्तो रक्तपित्तनाम्। मधुरो मधुरः पाके शीतलस्यतण्डुलीयकः। (111 S)

कूष्माण्ड :– सक्षारं पक्वकूष्माण्डं मधुराम्लं तथा लघु। सृष्टमूत्रपुरीष च सर्वदोषनिबर्हणम्।। (च. सू. 27/113)

विदारीकन्द :– जीवनो बृंहणो वृष्यः कण्ठयः शस्तो रसायने। विदारीकन्दो बल्यश्च मूत्रलः स्वादुशीतलः।

अम्लिका कन्द :– अम्लिकायाः स्मृतः कन्दो **ग्रहण्यर्शोहितो** लघुः।

सर्षपशाक – त्रिदोषं बद्धविण्मूत्रं सार्षपं शाकमुच्यते।

(5) फलवर्ग

- फलवर्ग में चरक ने **मद्वीका**, सुश्रुत ने **दाडिम** और वाग्भट्ट ने सर्वप्रथम **द्राक्षा** के गुणों का वर्णन किया है।
- **टंक** = नाशपाती, **सिम्बितिकाफल** = सेव, **पारावत** = अमरूद, **फल्गु** = अंजीर, **मोचा** = केला के पर्याय है।

मद्वीका :–'श्रेष्ठ फल' – तृष्णादाहज्वर श्वासरक्तपित्तक्षतक्षय नाशक, कास स्वरभेद को शीघ्र दूर करता है।
मृद्वीका वृंहणी वृष्या मधुरा स्निग्धशीतला। (च. सू. 27/126)

कच्चा कैथ – कपित्थमामं कण्ठघ्नं, विषघ्नं, ग्राहि वातलम्।
पक्का कैथ – परिपक्व च दोषघ्नं, विषघ्न, ग्राहि, गुर्वपि।, मधुराम्लकषाय रस, सुगन्धि होने से रूचिप्रदम्।

कच्चा बिल्व – स्निग्ध, उष्णवीर्य, तीक्ष्ण, दीपन, **कफवातजित्।**
पक्का बिल्व – दुर्जरं (दुष्पाच्य), दोषलं, पूति अपानवायु का निःसारक होता है।

बाल आम :– रक्तपित्तकरं बालम्, **अपक्व आम** – अपूर्ण पित्तवर्धनम्, **पक्व आम – पक्वमाम्रं जयेद्वायुं मांसशुक्रबलप्रदम्।**

लवलीफल :– कषायविशदत्वाच्च सौगन्धाच्च रूचिप्रदम्। अवदंशक्षमं हृद्यं वातलं लवलीफलम्। (च. सू. 27/143)

आमलक :– विद्यादामलके **सर्वान् रसान्लवणवर्जितान्।** रूक्षं स्वादु कषायाम्ल कफपित्तहरं परम। **(च. सू. 27/147)**
आवॅला में लवण रस को छोड़कर सभी रस वर्तमान् हैं, आवॅला गुण में रूक्ष, मधुर कषाय, अम्लरस वाला, कफपित्तहर है।

- **विभीतक – रसासृङमांसमेदोजान्दोषान् हन्ति विभीतकम्। (च. सू. 27/148)**
- **कर्चूर :– कर्चूरः कफवातघ्नः श्वासहिक्कार्शतां हितः। (च. सू. 27/155)**

(6) हरित वर्ग

(1) आर्द्रक :– रोचनं दीपनं वृष्यं आर्द्रकं **विश्वभेषजम्।** (वात, श्लेष्म, रसज विबन्ध नाशक)।

(2) जम्बीरी नीबू :– रोचनो दीपनस्तीक्ष्ण सुगन्धिः **मुखशोधनः।** (वातकफघ्न, क्रमिघ्न, भक्तपाचनः)।

(3) मूलक :– 1. बालं त्रिदोषहरं **2. वृद्धं** त्रिदोषं 3. मारूतापहम् **स्निग्धसिद्धं 4. विशुष्कं** तु मूलकं कफवातजित।

(4) सुरस (तुलसी) :– हिक्काकासविषश्वासपार्श्वशूलविनाशनः। – **श्वास, कास, हिक्का, पार्श्वशूल, एवं विषविनाशनक** है। पित्तकृत, कफवातघ्न, सुरसः पूतिगन्धहा।

(5) भूस्तृण (रोहितघास) :– पुंस्त्वघ्नः कटुरूक्षोष्णो भूस्तृणो **वक्त्राशोधनः। (च. सू. 27/172)**

(6) खराह्वा (स्याह जीरा) :– खराह्वा कफवातघ्नी वस्ति रोगरूजापहा।। (च. सू. 27/172)

(7) गाजर :– ग्राही गृन्जनकस्तीक्ष्णो **वातश्लेष्मार्शसां हितः**। – अपित्त प्रकृति हेतु स्वेदन व भोजन में प्रयोग करना चाहिए।

(8) पलाण्डु – श्लेष्मलो मारूतघ्नश्च पलाण्डुर्न च पित्तनुत्। **आहारयोगो** बल्यश्च गुरूर्वृष्योऽथ रोचनः। **(च. सू. 27/175)**

(9) लशुन :– क्रिमिकुष्ठकिलासघ्नो वातघ्नो गुल्मनाशनः। स्निग्धोष्णश्च **वृष्यश्च** लशुनः कटुको गुरूः। **(च. सू. 27/176)**

(7.) मद्यवर्ग

सामान्य गुण :– प्रायः सभी प्रकार के मद्य अम्लरस, उष्णवीर्य एवं अम्लविपाकी होते हैं।

1. सुरा – कृशानां सक्तमूत्राणां, **ग्रहणी अर्शोविकारिणाम् । सुरा प्रशस्ता वातघ्नी स्तन्यरक्तक्षयेषु च।**

2. मदिरा – हिक्का, श्वास, प्रतिश्याय, कास, वर्चोग्रह, अरूचि, वमन, आनाह, विबंध में मदिरा हितकारी होती है।

3. जगल – शूल प्रवाहिका आटोप कफवातार्शसां हितः। (च. सू. 27/181)

4. सुरासव – सुरासवः तीव्रमदो वातघ्नो वदनप्रियः। **तीव्रमद** (उग्र नशा करने वाली) होती है।

5. मध्वासव – 'छेदी मध्वासवः तीक्ष्णो':। – दोषों का छेदन करने वाला और तीक्ष्ण है।

6. मैरेय – 'मैरेयो मधुरो गुरूः।' – रस में मधुर एवं पाक में गुरू होता है।

7. मधूलिका – 'श्लेष्मला तु मधूलिका'। – यह कफ को बढ़ाने वाली होती है।

8. सौवीरक, तुषोदक :– ग्रहण्यर्शोहितं भेदि सौवीरकतुषोदकम्। **(च. सू. 27/192)**

- **नवीन मद्य :–** 'प्रायशोऽभिनवं मद्यं **गुरू दोषसमीरणात।**
- **पुराण मद्य :–** 'पुराण स्रोत्रसां शोधनं दीपनं **लघु रोचनम्।**

सात्विक मद्य :– सात्विकैर्विधिवद्युक्तया पीतं स्यादमृतं यथा – सात्त्विक मनुष्यो द्वारा विधिपूर्वक सेवित मद्य अमृत के समान फल देता है।

(8.) जल वर्ग

आन्तरिक्ष जल :– शीतं शुचि शिवं मृष्टं विमलं लघु षडगुणम्। प्रकृत्या दिव्यमुद्रकं – (च. सू. 27/197)
आकाश से गिरने वाला दिव्यजल – शीत, शुचि, कल्याणकरी, मधुर, विमल और लघु इन छः गुणों वाला होता है।

आंतरिक्ष जल का अलग – अलग भूमि पर गिरने के अनुसार जल के रस का परिणाम :–

जल का रस	भूमि
1. मधुर	कृष्ण मृत्तिका (काली मिट्टी)
2. अम्ल	– –
3. लवण	ऊषर भूमि
4. कटु	पर्वत
5. तिक्त	पाण्डु वर्ण
6. कषाय	श्वेत वर्ण
7. क्षार	कपिल वर्ण

अव्यक्त रस – ऐन्द्र, कार और हिम – ये अव्यक्त रस वाले होते है।

उत्तम जल के गुण – ईषत्कषायमधुरं सुसूक्ष्मं विशदं लघु। अरूक्षं अनभिष्यन्दि सर्व पानीयं उत्तमम्। (च.सू. 27/202)

ऋतुनुसार बरसने वाले जल के गुण :–

ऋतु में वर्षा	जल के गुण
1. शिशिर	हेमन्त ऋतु के जल से लघुतर एवं कफवातघ्न होता है।
2. बंसत	**कषाय मधुर रूक्षं** विद्यात् बसन्तिकं जलम्।
3. ग्रीष्म	ग्रैष्मिकं त्वनभिष्यन्दि – निश्चित रूप से अनभिष्यन्दी।
4. वर्षा	गुरू, अभिष्ययन्दी, मधुरं नवम्।
5. शरद	तनु, लघु, अनभिष्यन्दी होता है।
6. हेमन्त	हेमन्ते सलिलं स्निग्धं बृष्यं बलहितं गुरू।

उद्भव स्थान के अनुसार नदियों के जल के गुण :–

उद्भव स्थान	जल के गुण
1. हिमवत्प्रभवाः	पथ्याः पुण्या, देवर्षि सेविता।
2. मलय प्रभवाः	थ्वमलोदक, अमृत के समान।
3. पश्चिमभिमुखा	पथ्या, निर्मलोदक।
4. पूर्वसमुद्रगा	मृदुवहा (मंदवेग वाला), गुरू।
5. पारियात्र, विन्ध्य, सह्यप्रभवा	शिरोरोग, हृदयरोग, कुष्ठ, श्लीपदजनक।

वर्षाजल : – 'वर्षाजल वहा नद्यः सर्वदोष समीरणाः।' – वर्षा ऋतु में नदी का जल सवदोष प्रकोपक होता है।

समुद्रजल :– 'विस्र त्रिदोषं लवणमम्बु यत् वरूणालयम। – समुद्रजल विस्रगंधी, त्रिदोषकोपक एवं लवण रस वाला होता है

(9.) गोरस वर्ग

1. गोदुग्ध :– 1. स्वादु शीतं मृदु स्निग्धं बहलं श्लक्षणपिच्छिलम्। गुरू मन्दं प्रसन्नं च गव्यं दशगुणं पयः।।
तदेवगुणमेवौजः सामान्यादभिवर्धयेत्। – गोदुग्ध के ये 10 गुण ओज के गुणों के समान है।
2. प्रवरं जीवनीयानाम क्षीरमुक्तं रसायनम्। (च. सू. 27/218)
गोदुग्ध सभी जीवनीय पदार्थों में श्रेष्ठ तथा रसायन है।

2. माहिषी दुग्ध :– गोदुग्ध से गुरूतर, शीततर होता है और अधिक स्नेहयुक्त, **'अनिद्रा एवं अत्यग्नि रोग में हितकारी** है।

3. उष्ट्रदुग्ध :– ईषत्, लवण, रूक्ष, उष्ण, लघु होता है। **शस्तं वातकफानाहक्रिमिशोफोदरार्शसाम्। (च. सू. 27/219)**

4. घोड़ी दुग्ध :– बल्य, स्थैर्यकर और सर्वमुष्णं होता है। साम्लं सलवणं रूक्ष **शाखावातहरं** लघु।

5. अजा दुग्ध :– छागं **कषाय मधुर**, शीत, ग्राहि पयो लघु। **रक्तपित्तातिसारघ्न, क्षयकासज्वरापहम्।।**

6. आविदुग्ध :– **हिक्काश्वासकरं** तूष्ण पित्तश्लेष्मलम् आविकम्।

7. हस्ति दुग्ध :– **हस्थिनीनां पयो बल्यं गुरू स्थैर्यकरं परम। (च. सू. 27/223)**

8. स्त्री दुग्ध :– जीवनं वृहणं सात्म्यं स्नेहनं मानुषं पयः। नावनं रक्तपित्ते च तर्पणं चाक्षिशूलिनाम्।। (च. सू. 27/224)

- स्त्री दुग्ध जीवनीय, बृंहणीय, सात्म्य और स्निग्धता कारी होता है।
- रक्तपित्त में – नावन (नस्य) देने से एंव अक्षिशूल में – तपर्ण करने से लाभप्रद होता है।

दधि

दही के गुण :– रोचनं दीपनं वृष्यं स्नेहनं बलवर्धनम्। पाकेऽम्लमुष्णं वातघ्नं **मंगल्यं** बृंहणं दधि। **(च. सू. 27/225)**
दही का रस अम्ल, विपाक अम्ल, वीर्य उष्ण होता है एवं दधि वातघ्न, मंगल्य और बृंहण होता है
दही का निषेध :– 'शरदग्रीष्म व बसन्तेषु प्रायशो दधि गर्हितम्। – (च. सू. 27/226)
शरद, ग्रीष्म एवं बंसत ऋतुओं में तथा रक्तपित्त, कफज विकारों में दही नहीं सेवन करना चाहिए।
मन्दक :– त्रिदोषं मन्दकं – मन्दक (अच्छी तरह से न जमा हुआ दही) त्रिदोषक प्रकोपक होता है।
दही की मलाई :– वातघ्न एवं शुक्रल है।
दही का मण्ड :– श्लेष्मानिलघ्न एवं **स्रोत्रोविशोधन** होता है।

तक्र

तक्र के गुण :– शोफ, अर्श, ग्रहणी, मूत्रकृच्छ, उदररोग, अरूचि को नष्ट करता है।
स्नेह व्यापत, पाण्डु रोग एवं विषविकार में प्रयोग तक्र का प्रयोग करना चाहिए।
नवनीत के गुण :– संग्राहि, दीपनं, हद्यं नवनीतं नवोद्धृतम्। ग्रहणी, अर्श, अर्दित एवं अरूचि नाशक है।

घृत

घृत के गुण :– स्मृति, बुद्धि, अग्नि, शुक्र, ओज, कफ और मेद को बढाने वाला होता है।
वातपित्तघ्न है, सभी प्रकार के विषविकार, उन्माद, राजयक्ष्मा, ज्वर इन विकारों को दूर करता है।
जीर्ण घृत – पुराना घृत मद, मूर्च्छा, अपस्मार, शोष, उन्माद, गरविष, ज्वर, **योनिकर्णशिरःशूल नाशक** होता है।
बकरी, भेड़ और भैंस के घी के गुण उनके दूध के गुण को समान होते है।
पीयूष – नवप्रसूता गौ का प्रथम सात दिन का दूध दीप्ताग्नि, अनिद्रा में हितकारी
मोरट – सात दिन के बाद का स्थिरता वाला दूध – गुरू, वृंहण, तृप्तिदायक, वृष्य।

(10.) इक्षुवर्ग

इक्षुरस :– वृष्य, शीत, सर स्निग्ध, वृंहण, मधुरस और श्लेष्मवर्धक होता है।
पौण्ड्रक :– शीतलता, स्वच्छता और मधुरता के कारण सभी गन्नों में 'श्रेष्ठ है'।
वंशक :– वंशक पौण्ड्रक के समान गुण वाला किन्तु कुछ न्यून गुण होता है।
गुड :– प्रभूतक्रिमि, मज्जासृङ्मेदोमांसकरो गुडः। (च. सू. 27/238)
गुड – क्रिमि रक्त, मांस, मेद और मज्जा को बढ़ाने वाला होता है।

- मत्स्यण्डिका (मिश्री) → खौड → शर्करा → उत्तरोत्तर निर्मल एवं शीतल।

मधु के 4 भेद

1. माक्षिक – तैल वर्ण (पिंगल वर्ण की बड़ी मक्खियों द्वारा निर्मित)
2. क्षौद्र – कपिल वर्ग (पिंगल वर्ण की छोटी मक्खियों द्वारा निर्मित)
3. पौत्तिक – घृत वर्ण (पिंगल वर्ण की बड़ी 'पुत्तिका नामक' मक्खियों द्वारा)
4. भ्रामर – श्वेत वर्ण (भौंरों की तरह काली मक्खियों द्वारा निर्मित)

- **माक्षिकं प्रवरं तेषां विशेषाद् भ्रामरं गुरू – (च.सू. 27/244)** – माक्षिक मधु– श्रेष्ठ और भ्रामर मधु– गुरू होता है।
- **सामान्य गुण :–** वातलं गुरू शीतं च रक्तपित्त कफापहम्। सन्धातृ च्छेदन रूक्षं **कषायं मधुरं मधु। (च.सू. 27/245)**
  मधु रस में **कषाय मधुर** होता है।
- उष्ण किया हुआ मधु मृत्युकारक होता है।
- **अल्प सेवन :– गुरूरूक्षकषायत्वाच्छैत्याच्चाल्पं हितं मधु। (च. सू. 27/246) –**
  मधु, गुरू, शीत, रूक्ष और कषाय होता है अतः अल्प मात्रा में सेवन करना लाभकारी होता है।
- **मध्वाम – नातः कष्टतमं किंचिन्मध्वामात्तद्धि मानवम्। उपक्रमविरोधित्वात् सद्योहन्याद्यथाविषम्। (च. सू. 27/247)**
  मधु सेवनजन्य अजीर्ण से बढकर कोई भी अजीर्ण कष्टकारी नहीं होता है। क्योंकि यह उपक्रम में विरोधी होता है। जिस प्रकार विषसेवन से शीघ्र मृत्यु होती है उसी प्रकार मधु सेवनजन्य अजीर्ण शीघ्र ही मनुष्य को मार डालता है।
- **योगवाहि – 'नानाद्रव्यात्मकत्वाच्च योगवाहि परं मधुं।' (च. सू. 27/249)। –**
  अनेक प्रकार के द्रव्यों के संयोग से मधु की उत्पत्ति होती है इसलिए मधु उत्तम 'योगवाही' होता है।
  ✓ आचार्य चरक ने मधु, वायु और पिप्पली को 'योगवाहि' की संज्ञा दी है।

(11.) कृतान्न वर्ग

1. पेया – क्षुत्तृष्णाग्लानिदौबर्ल्य कुक्षिरोगज्वरापहा। **स्वेदाग्निजननी पेया** वातवर्चोऽनुलोमनी। **(च. सू. 27/250)**
2. विलेपी – तर्पणी **ग्राहि**णी लघ्वी **हृद्या** चापि विलेपिका।
3. मण्ड – **मण्डस्तु दीपयत्यग्नि वातं चाप्यनुलोमयेत्। (च. सू. 27/251)**
दीपनत्वात् लघुत्वाच्च मण्डः स्यात् प्राणधारणः। – दीपन, लघु होने से मण्ड **'प्राणधारण'** कहा गया है।
4. लाजपेया – **लाजपेया श्रमघ्नी तु क्षामकण्ठस्य देहिनः। (च. सू. 27/253)**
5. लाजमण्ड – तृष्णातिसार शमनो धातुसाम्यकरः **शिवः।** लाजमण्डोऽग्निजननो **दाहमूर्च्छानिवारण। (च. सू. 27/254)**
विषमाग्नि व मंदाग्नि वाले मनुष्यों, बालक, वृद्ध, स्त्री और सुकुमार को सुंसस्कृत लाजमण्ड देना चाहिए
6. कुल्माष – कुल्माष गुरवो रूक्षा वातला भिन्नवर्चसः। (च. सू. 27/260)
7. वेशवार – **वेशवारो गुरूः स्निग्धो बलोपचयवर्धनः। (च. सू. 27/269)**
8. रसाला – रसाला बंहणी बृष्या स्निग्धा बल्या रूचिप्रदा। (च. सू. 27/278)
9. रागषाडव – **कट्म्लस्वादुलवणा लघवो रागषाडवाः। मुखप्रियाश्च हृद्याश्चदीपना भक्तरोचनाः। (च. सू. 27/281)**

- **अकृतयूष → कृतयूष → तनुमांसरस → संस्कारित मांस → अनम्ल सूप (गुरूपाकी)**

(12.) आहारयोनि वर्ग

तैल

तैल के सामान्य गुण :– सभी प्रकार के तैल मधुर रस, कषायानुरस वाले, उष्ण वीर्य, पित्तलं, कफ को न बढ़ाने वाला, वातघ्न द्रव्यों में उत्तम, सूक्ष्म, व्यवायि, बद्धविण्मूत्रल, बल्य, त्वच्य, और **'मेधाग्निवर्धनम्'** होते है।

तैलं संयोगसंस्करात् सर्वरोगापहं मतम्। – (च. सू. 27/287)

1. एरण्ड तैल – ऐरण्डतैलं मधुरं गुरू श्लेष्माभिवर्धनम्। **वातासृग्गुल्महृद्रोगजीर्णज्वरहरं परम्।। (च. सू. 27/289)**
2. सर्षप तैल – कटूष्णं सार्षपं तैलं रक्तपित्तप्रदूषणम्। कफश्चक्रानिलहरं कण्डूकोठविनाशनम्।। **(च. सू. 27/290)**
3. कुसुम्भ तैल – 432, अत्यंत विदाहि और विशेषकर **'सर्वदोषप्रकोपण'** होता है।

- शुण्ठी – सस्नेहं दीपनं बृष्यमुष्णं वातकफापहम्। **विपाके मधुरं** हृद्यं रोचनं विश्वभेषजम्।
- पिप्पली – श्लेष्मला **मधुरा चार्द्रा** गुर्वी स्निग्धा च पिप्पली।
  सा **शुष्का** कफवातघ्नी कटूष्णा **वृष्य**संमता।।
- मरिच – नात्यर्थमुष्णं मरिचवृष्यं लघु रोचनम्। छेदित्वाच्छोषणात्वाच्च दीपनं कफवातजित्।

लवण

1. सैन्धव – **रोचनं दीपनं वृष्यं चक्षुष्यं अविदाहि।** त्रिदोषघ्न समधुरं **सैन्धवं लवणोत्तमम्। (च.सू. 27/300)**
2. सौवर्चल – **सौवर्चलं विबन्धघ्नं हृद्यमुद्गारशोधि च। –** सूक्ष्म, उष्ण, लघु और **उद्गार शोधक हो**ता है।
3. विड्लवण – **उर्ध्वं चाधश्च वातानामानुलोम्यकरं विडम्। –** तीक्ष्ण, उष्ण, अग्निदीपन और उदरशूल नाशक है।
4. औद्भिद् – सतिक्तकटु सक्षारं **तीक्ष्णमुत्क्लेदि** च औद्भिदम्।
5. काललवण – **सौवर्चल लवण सम गुणवान किन्तु इसमें गन्ध नहीं होती है।**
6. सामुद्र लवण – सामुद्रकं समधुरं।
7. पांशुज लवण – सतिक्त कटु पांशुजम।

सभी लवण – लवणं सर्व रोचनम् पाकि संग्रन अनिलापहम्। (च. सू. 27/304)

क्षार

सभी क्षार उष्ण, तीक्ष्ण, लघु, रूक्ष, क्लेदी, पाचक, विदारक, दाहक, दीपन, छेदक और अग्नि सम गुण वाले होते हैं।

यवक्षार :– हत्पाण्डुग्रहणीरोगप्लीहानाहगलग्रहान्। कासं कफजमर्शांसि यावशूको व्यपोहति।। (च. सू. 27/305)

हृद्रोग, पाण्डु, ग्रहणी, प्लीहरोग, आनाह, गलग्रह, कफज कास और सभी प्रकार के अर्श रोगों को दूर करता है।

अन्नपान में परीक्ष्य विषय – 9

चरः शरीरावयवाः स्वभावो धातवः क्रिया। लिंग प्रमाणं संस्कारो मात्रा चास्मिन् परीक्ष्यते।। (च. सू. 27/331)

1. चर 2. शरीरावयव 3. स्वभाव 4. धातु 5. क्रिया 6. लिंग 7. प्रमाण 8. संस्कार 9. मात्रा। – ये अन्नपान परीक्ष्य विषय है।

(1) चर – 1. आनूप जीव – गुरू मांस, 2. जांगल जीव – लघु मांस।

(2) शरीरायव :– सक्थि → स्कन्ध → क्रोड (छाती) → शिर का मांस – उत्तरोत्तर गुरू होता है।
वृषण → चर्म → मेढ्र → श्रोणि → वृक्क → यकृत → गुदा → मध्य देह → गुरूत्तर मांस।

(3) स्वभाव – मुदग्, लाव, कपिन्जल मांस स्वभाव से – लघु, माष, वराह, माहिषी मांस स्वभाव से – गुरू होता है।

(4) धातु – धातूनां शोणितादीनां गुरूं विद्यात् यथोत्तरम्। – रक्तादि धातुएं उत्तरोत्तर गुरू होती जाती है।

(5) क्रिया – अलसी प्राणी के स्थान पर क्रियाशील प्राणी का मांस गुरू होता है।

(6) लिंग – एक ही जाति के प्राणियों में – पुरूष का मांस – गुरू, स्त्री का मांस – लघु।

(7) प्रमाण – एक ही जाति के प्राणियों में – स्थूल का मांस – गुरू, कृश का मांस – लघु।

(8) संस्कार – गुरूणां लाघवं विद्यात् संस्कारात् सविपर्ययम्।

(9) मात्रा – गुरू और लघु द्रव्यों की भोज्य मात्रा अग्निबल की अपेक्षा करती है।

- **बलमारोग्यमायुश्च प्राणाश्चाग्नौ प्रतिष्ठितः। (च.सू. 27/342)**

- षट्त्रिंशतं सहस्राणि रात्रिणां हितभोजनम्। **(च.सू. 27/348)**
  हिताभ्यासी, जितेन्द्रिय मनुष्य 36000 रात्रि अर्थात् 100 वर्ष तक जीवित रहता है।
- **प्राणाः प्राणभृतामन्नमन्नं लोकोऽभिधावति। (च.सू. 27/349)**
- **वर्णः प्रसादः सौस्वर्य जीवितं प्रतिभा सुखम्। तुष्टिः पुष्टिर्बलं मेधा सर्वमन्ने प्रतिष्ठितम्। (च.सू. 27/350)**
  प्राणियों के प्राण अन्न है, वर्ण, प्रसन्नता, स्वर, जीवन, प्रतिभा, सुख, तृष्टि, पुष्टि, मेधा – ये सभी अन्न से प्रतिष्ठित है।

28. विविधाशितपीतीय अध्याय

आहार भेद –चरक, सुश्रुत–4 – अशित, पीत, लीढ़, खादित (भा. प्र., शा. –6– भोज्य, भक्ष्य, चर्व्य, लेह्य, चोष्ट, पेय)

धातु	धातु प्रदोषज विकार
(1) रस	अश्रद्धा, अरूचि, आस्यवैरस्य, अरसज्ञता, हल्लास, गौरव, तन्द्रा, अंगमर्द, ज्वर, **तमः, पाण्डुत्व, स्रोत्रोवरोध, क्लैव्य,** साद, कृशांगता, **अग्निनाश, अकाल बलय, पलित।**
(2) रक्त	कुष्ठ, विसर्प, **पिडका,** रक्तपित्त, असृग्दर, गुदपाक, मेढ्रपाक, मुखपाक, प्लीहा, विद्रधि, **गुल्म** नीलिका, **कामला,** व्यंग, पिप्लु, तिलकालक, दद्रु, चर्मदल, श्वित्र, पामा, कोठ, रक्त मण्डल।
(3) मांस	अधिमांस, अर्बुद, कील, गलशालूक, पूतिमांस, **अलजी**, गलगण्ड, गण्डमाला, उपजिह्विका।
(4) मेद	प्रमेह की पूर्वरूप और अष्ट निन्दित महारोग।
(5) अस्थि	अध्यस्थि, अद्यिदन्त, दन्तभेद, दन्तशूल, अस्थिभेद, अस्थिशूल, विवर्णता, केशलोमनखश्मश्रु विकार
(6) मज्जा	**पर्वरूजा,** भ्रम, **मूर्च्छा, तमोदर्शन** (आंखों के अंधेरा छाना) **अरूषां स्थूलमूलानां पर्वजानां च दर्शनम्।**
(7) शुक्र	**क्लैव्य,** अहर्ष, **गर्भस्राव, गर्भपात,** कुरूप सन्तानोपत्ति।
(8) इन्द्रिय	उपताप (इन्द्रियों में विकार), उपघात (इन्द्रिय शक्ति का नाश)
(9) उपधातु	स्तम्भ, संकोच, खल्ली, **ग्रन्थि,** स्फुरण, सुप्ति, विशेषकर स्नायु सिरा कण्डरा में।
(10) मल	मलभेद, मलशोष, मलसंग, अतप्रवृत्ति, मल रस, गंध वर्ण प्रदूषण।

धातु प्रदोषज	चिकित्सा
1. रस	लंघन। **(रसजानां विकाराणां सर्व लंघनमौषधम्)**
2. रक्त	रक्तपित्तहर चिकित्सा, विरेचन, उपवास या रक्तमोक्षण।
3. मांस	संशोधन, शस्त्र, अग्नि, क्षारकर्म। **(मांसजानां तु संशुद्धिः शस्त्रक्षाराग्निकर्म च)**
4. मेद	**अष्टौनिन्दितिकेऽध्याये मेदोजानां चिकित्सतम्।** – अष्टनिन्दित रोग चिकित्सा
5. अस्थि	अस्थ्याश्रयाणां व्याधिनां पंचकर्माणि भेषजम्। –पन्चकर्म विशेषकर वस्ति, तिक्त साधित क्षीरसर्पि
6. मज्जा	व्यवाय, व्यायाम, यथाकाल संशोधन, मधुर, तिक्त, औषध और अन्न सेवन।
7. शुक्र	व्यवाय, व्यायाम, यथाकाल संशोधन, मधुर, तिक्त, औषध और अन्न सेवन।

कोष्ठ → शाखा दोषगमन

व्यायामात् उष्मणः तैक्ष्ण्यात् अहितस्यानवचारणात्। कोष्ठात् शाखा मलायान्ति द्रुतत्वान्मारूतस्य च।। (च. सू. 28/32)
(1) अधिक व्यायाम (2) उष्मा की तीक्ष्णता (3) अहितकर आहार विहार सेवन (4) वायु की अत्यंत तीव्र गति।

शाखा → कोष्ठ दोषगमन

वृद्धया विष्यन्दनात् पाकात् स्रोत्रोमुखविशोधनात्। शाखा मुक्त्वा मलः कोष्ठं यान्ति वायोश्चनिग्रहात।। (च. सू. 28/33)
(1) दोषों की वृद्धि (2) विष्यंदन (3) दोषों का पाक। (4) स्रोत्रों का मुख शोधन से (5) वायु के निग्रह से।

परीक्षक मनुष्यों के गुण :– 9

परीक्षक :– श्रुतं बुद्धिः स्मृतिः दाक्ष्यं धृतिः हितनिषेवणम्। वाग्विशुद्धि शमो धैर्यमाश्रयन्ति परीक्षकम्।। (च. सू. 28/33)
(1) शास्त्र अभ्यास (2) विवेकशालिनी बुद्धि (3) स्मरण शक्ति (4) कार्यदक्षता (5) धारणा शक्ति
(6) हिताभ्यासी (7) वाणी की पवित्रता। (8) शान्ति। (9) धीरता

29. दशप्राणायतनीय अध्याय

दशविध प्राणायतन :—दशैवायतनान्याहुः प्राणा येषु प्रतिष्ठितः। शखौ मर्मत्रयं कण्ठो रक्तं शुक्रौजसी गुदम।।

(1) शंख द्वय + त्रिमर्म + शुक्र, ओज, रक्त, कण्ठ, गुद। (चरक. सू. 29/3)

(2) मांस, नाभि + त्रिमर्म + शुक्र, ओज, रक्त, कण्ठ, गुद। (चरक. शा. 7/9)

(3) जिह्वाबंधन, नाभि + त्रिमर्म + शुक्र, ओज, रक्त, कण्ठ, गुद। (अ. ह. शा. 3/13)

द्वादश प्राण :— अग्नि, सोम, वायु, सत्व, रज, तम, पंचेन्द्रियां + भूतात्मा। (सुश्रुत)

द्विविध वैद्य :—

1. **प्राणाभिसर —** प्राणानामभिसरा हन्तारो रोगाणाभिति प्राणाभिसरः।— प्राणों की रक्षा एवं रोगों का नाश करने वाला।

प्राणाभिसर :— तानीन्द्रियाणि विज्ञानं चेतनाहेतुमामयान्। जानीते यः स वै विद्वान प्राणाभिसर उच्यते।।

जो वैद्य (1) दश प्राणायतन (2) इन्द्रियों (3) आयुर्वेद विज्ञान 4) चेतना हेतु (आत्मा) और (5) रोगों को जानता है । उस विद्वान वैद्य को 'प्राणाभिसर' कहा जाता है।

प्राणाभिसर वैद्य के लक्षण —

(1) कुलीन (उत्तम कुल में उत्पन्न)
(2) पर्यवदातश्रुताः (शास्त्र ज्ञान)
(3) परिदृष्टकर्मा (शास्त्र प्रत्यक्ष ज्ञान)
(4) दक्षा (चिकित्साकार्य में निपुण)
(5) शुचि (शरीर, मन, पवित्रता)
(6) जितहस्ता (चि. में हाथ सधे हो)
(7) जितात्मानः (जो जितात्मा हो)
(8) सर्वोपकरणवन्त : चिकित्सा सामग्रियों से युक्त
(9) सर्वेन्द्रियोपपन्नाः सभी इन्द्रियों से युक्त हो
(10) प्रकृतिज्ञाः रोग, रोगी दोनों की प्रकृति का ज्ञाता
(11) प्रतिपत्तिक्षास्ते — रोग व्याप्ति को जानने वाला
(12) शरीर क्रियाज्ञान — शरीर क्रिया का ज्ञान हो।
(13) शरीर विकृति ज्ञान — शरीर विकृति का ज्ञान हो।
— जिससे शरीर से निकलते प्राणों को लौटा दें।

2. **रोगाभिसर —** रोगाणाभिसरा हन्तारः प्राणानाम् इति रोगाभिसरः।। — प्राणों के नाशक एवं रोगों को लाने वाला। 'प्राणाभिसर' के विपरीत एकदम विपरीत जो वैद्य रोगों को बढ़ाने वाले और प्राणों का नाश करने वाले होते हैं। वे रोगियों को ठगने के लिए वैद्य का वेश धारण कर लेते है और अपने वास्तविक रूप को छुपाये रखते है।

श्रुतदृष्टक्रियाकाल मात्राज्ञान बहिष्कृताः। वर्जनीया हि ते मृत्योश्चयन्त्यनुचरा भुवि। (चरक. सू. 29/11)

ऐसे छद्मचर वैद्य श्रुत (शास्त्रज्ञान), प्रत्यक्षकर्माभ्यास, चिकित्सा क्रिया, औषध प्रयोग काल, औषधि का मात्रा — इन सभी का ज्ञान न रखने वाले वैद्यो का सर्वदा परित्याग करना चाहिए। क्योकि ये भूमि पर यमराज के अनुचर रूप में भ्रमण करते हैं।

30. अर्थेदशमहामूलीय अध्याय

दश महामूला — अर्थे दश महामूलाः समासक्ता महाफलाः महच्चार्थश्च हदयं पर्यायैरूच्यते बुधैः।। (च. सू. 30/3)

अर्थ अर्थात् हृदय में महामूल और महाफला दश धमनियां जुड़ी हुई है। **पर्याय —** अर्थ/महत्/हृदय।

हृदय आश्रय :— षडंगमंग विज्ञानमिन्द्रियाण्यर्थ पञ्चकम्। आत्मा च सगुणश्चेतश्चिन्त्यं हृदि संश्रितम्।। (च. सू. 30/4)

(1) षड्गशरीर (2) पञ्च ज्ञानेन्द्रिय (3) इन्द्रियार्थ (4) सगुण आत्मा। (5) मन
(6) मन के विषय — (चिन्त्य, विचार्य, ऊह, ह्येयं, संकल्प)।

आगारकर्णिका के समान हृदय की रक्षा :— अपने विशिष्ट गुणों के कारण ओज को 'महत्' कहते है और जो धमनियां हृदय से ओज को समस्त शरीर में ली जाती है। वे **तत्फला/महाफला** कहलाती है।

ओज का स्थान :— तत्पस्यौजसः स्थानं तत्र चैतन्यसंङग्रहः। हदयं महदर्थश्च तस्मादुक्तं चिकित्सकैः।। **(च. सू. 30/7)**
— पर ओज का स्थान हृदय है। हृदय चैतन्य संग्राहक है।

निरूक्ति :– धमनी – ध्मानात् धमन्यः। स्रोत्रस – स्रवणात स्रोतांसि। सिरा – सरणात् सिराः। (च. सू. 30/12)

श्रेष्ठ (उत्कृष्ट)	**भाव**
1. अंहिसा	प्राणवर्धनानां
2. वीर्य	बलबर्धनानां
3. विद्या	बृंहणाणां
4. जितेन्द्रिय	नन्दनानां (मनः आनंदवर्धक)
5. तत्व बोध	हर्षणानां
6. बह्मचर्य	अयनानां (मार्गों में)

आयुर्वेदज्ञ लक्षण :– **वाक्यशः प्रवचन। वाक्यार्थशः प्रवचन अर्थावयवशः प्रवचन। इन्हें त्रिविध उत्तर भी कहते है।**

वेद – 4– ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद। **आयुर्वेद –** अर्थववेद में अपनी श्रद्धा प्रकट करता है।

आयु – तत्रायुश्चेतनानुवृत्तिः जीवितमनुबन्धो धारि चेत्येकोऽर्थः। (च. सू. 30/22)

आयु पर्याय – चेतनानुवृत्ति, जीवितम्, अनुबंध, धारि।

सुख एवं असुख आयु के लक्षण – जो मनुष्य शारीरिक या मानसिक रोगों से आक्रान्त नही है, विशेषकर युवा है, समर्थ है बल, वीर्य, यश, पौरूष और पराक्रमशील है, ज्ञान, विज्ञान, इन्द्रिय एवं इन्द्रिार्थ बल के समुदाय से युक्त है, अधिक सम्पत्तिशाली है और अनेक प्रकार के भोगों से युक्त है, जिनके समस्त इच्छित कर्म पूरे हो जाते है, जो अपनी इच्छानुसार भ्रमण करने वाला है – ऐसे पुरूष की आयु सुखायु और इससे भिन्न मनुष्यों की आयु असुख आयु कहलाती है।

हित एवं अहित आयु के लक्षण – प्राणियों की भलाई चाहने वाला, पर धन इच्छा न रखने वाला, सत्यवादिन, शान्तिप्रेमी, परीक्ष्य पूर्वक कार्य करने वाला, असवधान न रहने वाला, त्रिवर्ग का बाधा रहित उपार्जन करने वाला, पूजायोग्य मनुष्यों की पूजा करने वाला, ज्ञान, विज्ञान, शान्तिशील, वृद्धो की सेवा करने वाले, राग, ईर्ष्या, मद, मान के वेगों को रोकने वाला, सतत विविध दान करने वाला, सदैव तप, ज्ञान, और शान्ति करने वाले, अध्यात्म विद्या को जानने वाले और उसी के अनुसार आचरण करने वाले, इस लोक और परलोक को ध्यान में रखते हुए स्मरणशक्ति और बुद्धि से युक्त पुरूषों की आयु हितायु और इससे विपरीत पुरूषों की आयु अहितायु कही जाती है।

मृत्यु के पर्याय : – स्वभाव, प्रवृत्तिरूपरम् (प्रवृत्ति का नाश), मरण, अनित्यता और निरोध।

आयुर्वेद का प्रयोजन – प्रयोजनं चास्य स्वस्थस्य स्वास्थ्यरक्षणं आतुरस्य विकारप्रशमनं च। (च. सू. 30/26)

स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी व्यक्ति के रोग का उन्मूलन करना – ये 2 आयुर्वेद के प्रयोजन है

आयुर्वेद शाश्वत है – सोऽयमायुर्वेदः शाश्वतो निर्दिश्यते, अनादित्वात्, स्वभावसंसिद्ध लक्षणत्वात् भावस्वभावनित्यात्वाच्य।

(1) अनादि – अनादिकाल से स्थित होने से।
(2) स्वभावसंसिद्धलक्षणत्वात् – आयुर्वेद के लक्षण स्वभावतः सिद्ध होने से।
(3) भावस्वभाव नित्यात्व – पदार्थों के स्वभाव से नित्य होने से।

अष्टांग आयुर्वेद :– कायचिकित्सा, शालक्यं, शल्यापहर्तृकं, **विषगरवैरोधिक प्रशमंन,** भूतविद्या, कौमारभृत्यकं, रसायनं, बाजीकरणमिति। (च.सू. 30/28)

आयुर्वेद का अध्ययन :– सुश्रुत – ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कुलगुणी शुद्र। काश्यप – सर्वगुणसम्पन्न सभी वर्ग के छात्र।
चरक –1. ब्राह्मण – (प्राणिनां अनुग्रहार्थ) – प्राणियों के प्रति कृपाभाव रखते हुए।
2. क्षत्रिय – (आरक्षार्थ राजन्यैः) – प्राणियों की रोगों से रक्ष करने के लिए
3. वैश्य – (वृत्यर्थे वैश्येः) – जीविका (धनोपार्जन) के लिए।

आयुर्वेद का अध्ययन करना चाहिए।

वैद्य परीक्षा के लिए अष्टविध प्रश्न

- **एक वैद्य दूसरे वैद्य के ज्ञान की परीक्षा करने के लिये सर्वप्रथम 8 प्रश्नों को पूछ सकता है।**

प्रश्न :– 8 (1) तंत्र (2) तंत्रार्थ (3) स्थान (4) स्थानार्थ
(5) अध्याय (6) अध्यायार्थ (7) प्रश्न (8) प्रश्नार्थ।

1. तत्र :– तत्रायुर्वेदः शाखा विद्या सूत्रं ज्ञानं शास्त्रं लक्षणं तन्त्रम् इत्यानर्थान्तरम्। (च. सू. 30/31)
तन्त्र – आयुर्वेद शाखा, विद्या, सूत्र, ज्ञान, शास्त्र, लक्षण और तंत्र – ये सब शब्द पर्यायवाची है। (तन्त्रणात् तंत्रः)

2. तन्त्रार्थ :– तन्त्रार्थः पुनः स्वलक्षणैरूपदिष्टः। – तन्त्रार्थ 10 प्रकरणों पर विचार किया जाता है।
(1) शरीर (2) वृत्ति (3) हेतु (4) व्याधि (5) कर्म (6) काल (7) कार्य (8) कर्ता (9) कारण (10) विधि

3. स्थानः – 'स्थानम् अर्थ प्रतिष्ठया।' स्थान संख्या – 8।
(1) सूत्र (2) निदान (3) विमान (4) शरीर (5) **इन्द्रिय स्थान** (6) चिकित्सा (7) कल्प (8) सिद्धि

4. स्थानार्थ :– 'श्लोकौषधारिष्ट विकल्पसिद्धि निदानमानाश्रय संज्ञकेषु। (च.सू. 30/34)

1. सूत्र स्थान	–	श्लोक स्थान।	5. इन्द्रिय	–	अरिष्ट स्थान।
2. निदान	–	–	6. चिकित्सा	–	औषध स्थान।
3. विमान	–	मान स्थान।	7. कल्प	–	विकल्प/दिव्य स्थान।
4. शारीर	–	आश्रय स्थान।	8. सिद्धि	–	–

5. अध्याय :– अधिकृत्यार्यम् अध्याय नाम संज्ञा प्रतिष्ठित।। (च.सू. 30/70)

120 अध्याय :– (1) सूत्र	– 30		(5) चिकित्सा	– 30	
(2) निदान	– 8		(6) इन्द्रिय	– 12	
(3) विमान	– 8		(7) कल्प	– 12	
(4) शरीर	– 8		(8) सिद्धि	– 12	

6. अध्यायार्थ –(1) सूत्रस्थान – **श्लोक स्थानं समुदिृष्टं तन्त्रस्यास्य शिरः शुभम्।**
श्लोक (सूत्र) स्थान इस आयुर्वेद तंत्र का **"शुभ शिर"** (कल्याणकारक) है।

ठति सर्वविकाराणामुक्तमेतच्चिकित्सितम्। स्थानमेतचिकित्सितम्। स्थान मेतद्धि तन्त्रस्य रहस्यं परमुत्तमम्। (च. चि. 30/228)
चिकित्सा स्थान इस आयुर्वेद तंत्र का **"सर्वोत्तम स्थान और परम रहस्य"** है।

सप्तचतुष्क :– (1) भैषज्य चतुष्क	(1 – 4)	(5) रोग चतुष्क	(17 – 20)	
(2) स्वास्थ्य चतुष्क	(5 – 8)	(6) योजना चतुष्क	(21 – 24)	
(3) निर्देश चतुष्क	(9 – 12)	(7) अन्नपान चतुष्क	(25 – 28)	
(4) क्रिया चतुष्क	(13 – 16)	(8) संग्रह द्वय	(29 – 30)	

7. प्रश्न :– पृच्छा तन्त्राद्यथाम्नायं विधिना प्रश्न उच्यते। (च. सू 30/69)
शास्त्र में जो विषय जिस प्रकार से कहा गया हो, उसे उसी रूप में विधिपूर्वक पूछना **'प्रश्न'** कहलाता है।

8. प्रश्नार्थ :– प्रश्नार्थो युक्तिमांस्तस्य तन्त्रेणैवार्थ निश्चयः।। (च.सू. 30/69)
युक्ति युक्त ढंग से शास्त्र के द्वारा जो अर्थ निश्चित किया जाता है उसे **'प्रश्नार्थ'** कहते हैं।